प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 05.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 100 करोड़ की वित्तीय अनियमिता मामले में सत्ता पक्ष ने सरकार को घेरा, प्रभारी मंत्री ने कहा– दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद रांची में 49 नवचयनित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, श्रम, नियोजन और प्रशिक्षण विभाग में हुई है बहाली।
3. पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षा बल के तीन जवान घायल, बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर घायलों को लाया जा रहा है रांची।
4. केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय आज महिला दिवस के मद्देनजर नई दिल्ली में आदर्श महिला– हितैषी ग्राम पंचायत पहल की करेगा शुरूआत, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– केन्द्र का आधी आबादी के समग्र विकास पर जोर। और
5. बेंगलुरु में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, राम प्रसाद मुंडा ने राज्य को दिलाया दूसरा स्वर्ण पदक।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज सातवां दिन है। सत्र की कार्यवाही सुचारु रुप से चल रही है। सदस्य विकास और जनहित से जुड़े मामलों को सदन में उठा रहे हैं और सरकार की ओर से जवाब दिया जा रहा है। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने अल्प सूचित प्रश्न के माध्मम से राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में हुए 100 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता का मामला उठाया।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज नवचयनित 49 प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से हाल ही में इन प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह अब से थोड़ी देर बाद रांची के प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित किया जायेगा।

*******************

केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत की शुरूआत करेगा। एक रिपोर्ट

साउंड बाइट– रिपोर्ट– 35 सेकेण्ड

*******************

इससे पहले केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली में आयोजित सशक्त पंचायत– नेत्री अभियान के तहत निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार आधी आबादी के समग्र विकास पर जोर दे रही है।

साउंड बाइट– अन्नपूर्णा देवी– 16 सेकेण्ड

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में आज हुए एक आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षा बलों के तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान पूर्व में लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में तीन जवान आ गये। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रांची लाया जा रहा है। क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बजट—उपरान्त वेबिनार में भाग लेंगे। वेबिनार के प्रमुख विषयों में लोगों में निवेश, अर्थव्यवस्था और नवाचार शामिल हैं।

*******************

सिमडेगा जिले में नशे के कारोबार पर रोक लगाए जाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता —

*******************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल स्थित अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मरमर गांव के आसपास जंगली हाथियों का आतंक कायम है। जंगली हाथियों ने यहां एक वृद्ध की जान ले ली। मृतक की पहचान मरमर गांव निवासी टकलू गंझु के रूप में हुई है।
- खूंटी में खेत की जुताई करने के दौरान पावर टेलर मिनी ट्रैक्टर के पलट जाने से तोरपा थाना क्षेत्र के बड़का टोली निवासी टाई टोपनो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में एक दो दिनों में अधिकतम तापमान में गिरावट आ सकती है। इस दौरान दिन में आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 35 से ज्यादा है। आज सूर्यास्त का समय पांच बजकर चौवन मिनट निर्धारित है।

*******************

बेंगलुरु में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। राम प्रसाद मुंडा ने आज स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड को दूसरा गोल्ड मेडल दिलाया। भोला सिंह और मेरी मुजनी ने भी राज्य को आज दो रजत पदक दिलाये। इससे पहले कल भी झारखंड ने एक गोल्ड और दो रजत पदक हासिल किये थे।

*******************

जमशेदपुर एफसी आज इंडियन सुपर लीग के अपने अंतिम घरेलू मुकाबले में उड़ीसा एफसी से भिड़ेगा। मैच आज शाम साढ़े सात बजे से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेला जाएगा। जमशेदपुर एफसी की टीम ने इससे पहले शानदार प्रदर्शन करते हुए प्ले ऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

*******समाप्त**********